सार-समाचार

डोडा चूरा सहित एक गिरफ्तार

गंगापुर सिटी, (निसं)। रेलवे स्टेशन पर जीआरपी ने 10 किलो 300 सौ ग्राम डोडा चूरा जब्त किया है। पुलिस ने पंजाब के पटियाला निवासी 65 वर्षीय सुरेन्द्र सिंह को गिरफ्तार किया है। जब्त माल की कीमत 1 लाख 40 हजार रुपए आंकी गई है। जीआरपी थानाधिकारी दलवीर सिंह अपनी टीम के साथ स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर गश्त कर रहे थे। फुट ओवर ब्रिज के पास एक संदिग्ध व्यक्ति मिला। तलाशी में उसके पीठू बैग से डोडा चूरा बरामद हुआ। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह यह माल बारां से सस्ते दामों में खरीदकर लाया था। पुलिस ने मामले में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/15 के तहत केस दर्ज किया है। मामले की जांच जीआरपी थाना भरतपुर के थानाधिकारी हजारीलाल कर रहे हैं। यह कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक रेलवे जयपुर के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई। कार्रवाई में जीआरपी थानाधिकारी दलवीर सिंह, आरपीएफ के एसआई अशोक कुमार समेत अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। पुलिस डोडा चूरा की खरीद-फरोख्त से जुडी कडयिों की जांच करेगी। अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

राम के आदर्शों पर चलने का संकल्प

भुसावर/भरतपुर, (निसं)। कस्बा भुसावर सहित ग्रामीण अंचल में रामनवमी राम जन्मोत्सव का पर्व धूमधाम एवं हर्षोल्लास पूर्वक रविवार को मनाया गया वही कस्बा भुसावर में वर्षों से चली आ रही परंपरा को निभाते हुए कोठी वाले हनुमान जी की कृपा एवं भक्त मंडल और जन सहयोग से राम भक्तों द्वारा बैंड बाजा के साथ आकषर्क, मनमोहक सजीव झांकिया के साथ शोभा यात्रा निकाली गई। प्राचीन कोठी वाले हनुमान जी मंदिर के महंत सेवक महेश चंद्र जती ने बताया कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम जन्मोत्सव के उपलक्ष में मंदिर प्रांगण में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जहां सर्वप्रथम कोठी वाले हनुमान जी मंदिर में भव्य फूल बंगला झांकी सजाई गई। मंदिर को दुल्हन की तरह फूल माला से सजाते हुए विश्व शांति एवं मानव कल्याण की कामना की गई। मंदिर में आयोजित हवन यज्ञ में पंडित चेतराम शर्मा ने मंत्र उच्चारण के साथ आहुतियां दी गई। वही दोपहर 12:00 बजे भए प्रकट कृपाला दीन दयाला की चौपाइयों से राम जन्मोत्सव मनाते हुए महा आरती की गई। शाम 4:00 बजे शोभा यात्रा निकल गई जिसे शतायु पूर्व सांसद पंडित रामकिशन शर्मा, थाना अधिकारी नरेश शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। राम शोभायात्रा कोठी वाले हनुमान जी मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर कानूनगौ मोहल्ला, मुख्य बाजार, सपाट बस स्टैंड होते हुए पुन मंदिर प्रांगण पहुंची। जहां कस्बा सहित ग्रामीण अंचल के लोगों ने जलपान, पुष्प वर्षा करते हुए एवं भगवान की आरती उतार कर स्वागत किया गया। शोभा यात्रा में पुलिस व्यवस्था माकूल नजर आई।

महावीर जयंती पर निकलेगी शोभा यात्रा

हिण्डौन सिटी, (निसं)। श्री जैन श्वेतांबर पालीवाल नवयुवक चैरिटेबल ट्रस्ट हिंडौन सिटी के सभी सदस्यों की बैठक 5 अप्रैल 2025 शनिवार को नवीन उपासना मोहन नगर में आयोजित की गई बैठक में आगामी 10 अप्रैल को आयोजित महावीर जयंती की व्यवस्थाओं के संदर्भ में विस्तार से चर्चा की गई ।अध्यक्ष वर्तमान जैन ने बताया की गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी महावीर जन्म कल्याण के अवसर पर पूरे शहर में वर्धमान नगर जिनालय से केशवपुरा श्वेतांबर जैन मंदिर तक विशाल झाकियों एवं गाजे बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभा यात्रा का समाज के धर्मावलंबियों द्वारा विभिन्न स्थानों पर स्वागत किया जाएगा इसके पश्चात केशवपुर जनली में धर्म सभा आयोजित की जाएगी एवं सभी पधारे हुए समाज के भाई बहनों का स्वामी वात्सल्य (सह भोज) नवयुवक मंडल द्वारा आयोजित किया जाएगा। मंत्री विवेक जैन एवं देवेंद्र जैन ने बताया कि महावीर जयंती के दिन नवयुवक चैरिटेबल ट्रस्ट के सदस्यों द्वारा प्रात: गौशाला में गायों को चारा खिलाया जाएगा एवं शाम 5:00 बजे अस्पताल में फल वितरण किया जाएगा। कोषाध्यक्ष आदित्य जैन एवं हेमंत जैन ने बताया कि इस दिन अपना घर आश्रम में रहने वाले प्रभुजी एवं वृद्ध आश्रम में निवास करने वाले वृद्ध जनों को जैन समाज की ओर से भोजन कराया जाएगा।बैठक में डॉक्टर मनोज जैन ने आगामी 27 अप्रैल को दीक्षार्थी बहन दीपिका के होने वाले प्रोठाम के बारे में विस्तार से चर्चा की । इस अवसर पर नवयुवक मंडल के भगवान सहाय एडवोकेट कृष्ण कुमार संतोष विकास जैन श्रीपाल जैन विकास जैन नयागांव जितेंद्र जैन राकेश जैन देवेश जैन पंकज जैन शेरपुर अमित जैन एवं अन्य नवयुवक मंडल के सदस्य गण उपस्थित रहे।

कार्यकारिणी घोषित

हिण्डौन सिटी, (निसं)।राजस्थान कांग्रेस कमेटी (शिक्षक प्रकोष्ठ) के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अभिमन्यु सिंह भदौरिया ने, राजस्थान प्रदेश कांठोस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के अनुमोदन के पश्चात प्रदेश कार्यकारिणी घोषित की गई।कार्यकारिणी में सत्रह बरिष्ठ उपाध्यक्ष, वाईस उपाध्यक्ष, तेबीस महासचिव, अठ्ठारह सचिव, तेरह संयुक्त सचिव सहित 100 सदस्यीय सम्मलित किये गए हैं। करौली जिले से मंडावरा निवासी वीर सिंह वैनीवाल बरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं खेडा जमालपुर निवासी शीतल शुक्ला को महासचिव के रूप में नामित किया गया है। शुक्ला पूर्व में जिलाध्यक्ष रह चुके हैं। इनके पदाधिकारी बनने से जिले में कांठोस को मजबूती मिलेगी। वैनीवाल एवं शुक्ला को प्रदेश पदाधिकारी वनने पर पुरषोत्तम शर्मा,भूपेन्द्र सोलंकी जिला परिषद सदस्य, वेद प्रकाश शर्मा महामंत्री तहसील ब्राह्मण समाज सूरौठ, पूर्व पार्षद सत्य प्रकाश शर्मा गंजे, नैमी चन्द जाटव,रमेश चंद्र तिवारा,कैलाश उपाध्याय ढिंढोरा राम प्रसाद मीना टोडाभीम, आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए, प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, प्रदेश अध्यक्ष शिक्षक कांठोस अभिमन्यु भदौरिया,विधायक घनश्याम मैहर,पूर्व मंत्री रमेश चंद मीना जिला अध्यक्ष शिवराज मीना, सांसद भजनलाल, विधायक अनिता जाटव पूर्व विधायक लाखन मीना पी.सी.सी. सचिव भूपेन्द्र भारद्वाज का आभार व्यक्त किया है।

शिविर में 34 यूनिट रक्तदान

भुसावर/भरतपुर, (निसं)। भारत विकास परिषद की स्थानीय शाखा की ओर से आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तेरहवां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रक्तदान करने के लिए 37 व्यक्तियों द्वारा पंजीकरण करवाया गया, जिनमें से 34 रक्तदाताओं के रक्त का संग्रहण किया गया। प्रांतीय प्रकल्प प्रभारी अंशु मित्तल ने जानकारी देते हुए बताया कि रक्तदान शिविर प्रभारी नीरज शर्मा व देवकीनंदन सोनी के नेतृत्व में शाखा की ओर डा. राजश्री मनीष मलिक के सौजन्य से तेरहवां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ विधायक वैर विधानसभा क्षेत्र बहादुरसिंह कोली के मुख्य आतिथ्य एवं चिकित्सा अधिकारी डा. राजकुमार गुप्ता के विशिष्ट आतिथ्य तथा शाखा अध्यक्ष मनीष मित्तल की अध्यक्षता में भारत माता व स्वामी विवेकानंद की तस्वीर पर दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण के साथ किया गया। शिविर में राजकीय आर.बी.एम अस्पताल, भरतपुर की ब्लड बैंक की चिकित्सकीय टीम डा. नरेश सिंह, विष्णु, नितेश, राहुल, उमेश, हरेन्दर व वीरेन्द्र ने रक्तदाताओं से रक्त का संठाह किया। शिविर में 34 यूनिट रक्तदान रक्तदाताओं की ओर से किया गया और रक्तदान करने वाले अजय यदुवंशी, भीमसिंह पाण्डेय, शशि शर्मा, रणजीत, विमल, रोहित, तनु सिंघल, हितेश, ताराचंद, मीना मित्तल, दीपक सोनी, भाषांक, आयुष, नंदकिशोर, नीरज, मोहन जोशी, भूपेंद्र, लोकेश, अमित, दिलीप, आदि सभी 34 रक्तवीरों को दुपटटा पहनाकर व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष मनीष मित्तल, सचिव डा. विजय पहाडिया, कोषाध्यक्ष राजेश गोयल, देवकीनंदन सोनी, नीरज शर्मा, ताराचंद गोयल, मनीष मलिक, हेमन्त पाण्डेय, दिलीप सिंघल, अमित सिंघल, बृजेश जिंदल, पुष्कर पाण्डेय, अशोक शर्मा, चंद्रप्रकाश आर्य, शेर सिंह सैनी, वीना गोयल, राजश्री मलिक, भरत गर्ग, दिलीप मित्तल, निशांक सोनी और भुसावर अस्पताल के शेखचंद, अनिल सोनी, आदि मौजूद रहे।

रामनवमी पर सर्व हिन्दू समाज व संगठनों ने शोभायात्रा निकाली

करौली, (निसं)। करौली जिला मुख्यालय पर रविवार को रामनवमी के अवसर पर सर्व हिंदु समाज व संगठनो के द्वारा विशाल शोभायात्रा निकाली गई जिसमें आकर्षण का केंद्र भगवान श्री राम दरबार की झांकी और घोडो पर सवार पूर्व सैनिक रहे।

करौली शहर के वजीरपुर गेट बाहर स्थित आदर्श विद्या मंदिर रामद्वारा से

■ **शोभायात्रा में राम दरबार की झांकी व घोड़ों पर सवार पूर्व सैनिक आकर्षण का केंद्र रहे**

रविवार साय 5:00 बजे विशाल शोभायात्रा निकाली गई शोभायात्रा के आगे आगे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुमनाराम के नेतृत्व में भारी संख्या में पुलिस के कमांडो और जवान चल रहे थे उनके पीछे यात्रा संयोजक चैरजी सिंह के नेतृत्व में सर्व समाज के प्रमुख लोग हाथों में धर्म ध्वज पताका लिए भगवान श्रीराम के जयकारे लगाते चल रहे थे शोभायात्रा के बीच एक सुसज्जित रथ में भगवान श्रीराम,लक्ष्मण और सीता माता सहित हनुमानजी महाराज कि सजीव झांकी सजाई गई उनके पीछे-पीछे 21 घोड़े पर सवार रिटायर्ड सेवा के अधिकारी और जवान चल रहे थे शोभायात्रा में चल रहे दो डीजे पर बज रहे गानों पर सैकड़ो युवा नाचते गाते भगवान श्री राम के जयकारे लगाते चल रहे थे वही एक टोली में लोकसभा प्रत्याशी इंदु देवी जाटव एवं नगर परिषद सभापति डॉ. राजरानी शर्मा के साथ भारी संख्या में मातृशक्ति भजन गाते जयकारे लगाते हुए चल रही थी एक खुली जीप में सपोटरा विधायक हंसराज मीणा बालोती,विद्या भारती से केसर सिंह नरूका एवं मासलपुर के निकट ध्रुवघटा आश्रम के संत हरिद्रानंद सरस्वती जी महाराज चल रहे थे तो वही एक जीप में सेना के जवानों कि वर्दी पहने युवा चल रहे थे काफी लंबी शोभायात्रा को देखने के लिए छतो पर लोगों का सैलाब उमड पडा और जगह-जगह लोगों ने शोभायात्रा में चल रहे लोगों पर गुलाल और पुष्प वर्षा कर उनका शीतल पेय पिलाकर स्वागत किया शोभायात्रा शहर के वजीरपुर गेट, बड़ा बाजार, अनाज मंडी, सदर बाजार, फूटाकोट से होते हुए हटवाड़ा बाजार, भूडारा बाजार, ट्रक यूनियन, पुलिस अधीक्षक कार्यालय के आगे से कलेक्ट्रेट सर्किल होते हुए वापस रामद्वारा पर आकर संपन्न हुई शांतिपूर्ण ढंग से रैली संपन्न होने के बाद यात्रा के संयोजक चैरजी सिंह व केसर सिंह नरूका ने सभी का आभार और धन्यवाद प्रकट किया वहीं पुलिस प्रशासन की ओर से जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना, पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुमनाराम, पुलिस उपाधीक्षक अनुज शुभम, कोतवाली थाना अधिकारी अध्यात्म गौतम, उप जिला कलेक्टर प्रेमराज मीना, तहसीलदार सहित विभिन्न विभागों के कई अधिकारी दिनभर रैली मार्ग में भ्रमण कर यात्रा को शांतिपूर्ण संपन्न करने के बाद राहत कि सांस लेते नजर आए रैली के दौरान मार्ग मे जगह जगह करीब 700 से अधिक पुलिस के अधिकारी और जवान रैली को शांति पूर्ण सम्पन्न कराने मे जुटे रहे।

रामनवमी शोभायात्रा निकाली।

हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन

नदबई, (निसं)। नदबई शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं ने रविवार को अलग-अलग तरीके से पार्टी स्थापना दिवस मनाया। शहर मंडल मुख्यालय पर अध्यक्ष रोहित उपाध्याय के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया। वही, पार्टी की नीतियों पर चर्चा करते हुए कार्यकर्ताओं को एकजुटता का मंत्र दिया। इस दौरान सह-संयोजक हरीशंकर उपाध्याय, अशोक उपाध्याय, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष धर्मेन्द्र भातरा, पूर्व पालिकाध्यक्ष बालमुकन्द बिहारिया मौजूद रहे। गांव ऐचेंरा में ग्रामीण मंडल अध्यक्ष विश्वेन्द्र सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करते हुए लोगों को लाभान्वित होने के लिए जागरुक किया। संयोजक शेरसिंह ढाडीवाला व सतीश बंसल ने 15 अप्रेल तक आयोजित कार्यक्रम पर चर्चा करते हुए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी। इस दौरान उपाध्यक्ष गिर्राज सिंह, पूर्व पंचायत समिति सदस्य बृजेश कुमार मौजूद रहे। जबकि, पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मुख्य बाजार में दुकानों पर पार्टी झण्डा लगाते हुए पार्टी की नीतियों के बारे में बताया। वही, जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करते हुए चिन्हित व्यक्तियों को लाभान्वित होने का आह्वान किया।

गुर्जर समाज ने सामाजिक कुरीतियों को रोकने का लिया संकल्प

हिण्डौन सिटी, (निसं)। जगदीश धाम कैमरी में पूर्व जिला प्रमुख अजीतसिंह महवा की अध्यक्षता में भरतपुर संभाग के गुर्जर समाज की महापंचायत का आयोजन किया गया, जिसमें भरतपुर संभाग के करौली, धौलपुर, भरतपुर, दौसा, सवाईमाधोपुर, जयपुर सहित प्रदेश के हज़ारों लोगों ने गुर्जर समाज में व्याप्त कुरीतियों को मिटाने के लिए अनेक निर्णय लिए और उनकी पालना करने का संकल्प लिया गया। साथ ही पालना नहीं करने पर सामाजिक कार्यवाही करने की बात कही और प्रत्येक छमाही में समाज सुधार के लिए समीक्षा की बात कही। सर्वप्रथम सभी ने भगवान जगदीश के दर्शन कर गुर्जर समाज के उत्थान की कामना और समाज की खुशहाली की कामना की।

समस्त भरतपुर संभाग के पंच पटेलों ने सार्वजनिक रूप से निर्णय लिया कि मृत्युभोज पर पूर्णत: प्रतिबंध करने, ब्रह्मभोज के दिन केवल एक साफा बंधवाने, बच्ची की शादी में एक बार भोजन और नाश्ता करने, भात कार्यक्रम को दिन में करने, बच्चे की शादी में सीतारानी व मोहर नहीं ले जाने, दुल्हन के लिए केवल पांच बेस लेकर जाने, बच्ची जामने पर पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा, साथ ही शादी कार्ड प्रिंट नहीं करवाकर व्हाट्सअप करने, जन्मदिन, भाईदूज और ग्वाल जिमाने पर प्रतिबंध, बारात 300 से अधिक लेके नही जाने, बारात में बस करने और अधिकतम 11 बोलेरो करने, भातई और बड़ भातई द्वारा केवल तीन बेस की पहरावणी करने, मुख्य भातई के साथ आये अन्य को केवल राशि देने का निर्णय लिया गया । इसके साथ ही सामाजिक कुरीतियों में शामिल विभिन्न प्रोग्रामों में महिलाओं को बर्तन देने पर प्रतिबंध रहेगा, सगाई समारोह करने के बाद छोड़ने, और समधी समधन बुलाने पर पाबंदी रहेगी। इसी प्रकार बड़े डीजे बजने पर पाबंदी रहेगी, जबकि छोटे दो साउंड शादी में तीन दिन तक बजाए जा सकते हैं। वहीं रिटायरमेंट प्रोग्राम में केवल जगदीश मंदिर कमेटी द्वारा साफा पहनाया जाएगा बाकी सभी लोग केवल माला द्वारा स्वागत किया जाएगा। विभिन्न प्रकार के नशीले पदार्थों के सेवन और बिक्री पर पाबंदी रहेगी, मृत्यु के दिन ससुराल वालों के अलावा किसी को भी सूचना नहीं दी जाएगी, ब्रह्मभोज के दिन केवल एक साफा पहनाया जाएगा। इसी प्रकार व्याप्त कुरीतियों में गंगाजी जाने में केवल 5 आदमियों के जाने की अनुमति रहेगी। बच्चियों की शादी में लेने जाने वाले केवल 25 आदमी एवं दिन में जाने की अनुमति रहेगी।

जगदीश धाम कैमरी में भरतपुर संभाग स्तरीय गुर्जर समाज की महापंचायत आयोजित हुई।

रन फॉर फन मैराथन का आयोजन

गंगापुर सिटी, (निसं)। लायंस क्लब और आकाश इंस्टीट्यूट के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को रन फॉर फन मैराथन का आयोजन सुबह साढे 5 बजे किया गया। इस मैराथन में करीब 1100 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक और भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। पुरुष वर्ग में वीरेंद्र सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 5 किलोमीटर की दौड 16 मिनट 21 सेकेंड में पूरी की। अनिल योगी 17 मिनट 25 सेकेंड के साथ दूसरे स्थान पर रहे। हरेंद्र सिंह ने 17 मिनट 45 सेकेंड में दौड पूरी कर तीसरा स्थान हासिल किया। महिला वर्ग में मीना ने 22 मिनट 21 सेकेंड में दौड पूरी कर पहला स्थान प्राप्त किया। अर्चना सैनी 35 मिनट 4 सेकेंड के साथ दूसरे और कृष्णा सैनी 35 मिनट 5 सेकेंड के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। मैराथन में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी आयु वर्ग के लोगों ने उत्साह से भाग लिया। विजेताओं को नगद पुरस्कार, माला, दुपट्टा और मेडल से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर प्रांतपाल सुनील अरोडा ने बताया कि यह गंगापुर सिटी लायंस क्लब की पहली मैराथन थी। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढाना था। अतिथियों ने कहा कि इस तरह के आयोजन से लोग नियमित व्यायाम के प्रति प्रेरित होते हैं। कार्यक्रम के समापन पर सभी अतिथियों और प्रायोजकों को सम्मानित किया गया। सभापति शिवरतन अग्रवाल एवं पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर ने कहा कि यह अपने आप में बहुत ही अनूठा कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम से जागरूक होकर सभी नगर वासियों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होते हुए सुबह के टाइम रोजाना घूमना चाहिए। अंत में लायंस क्लब सचिव धीरज गुप्ता ने गंगापुर सिटी के सभी शहरवासियों और सभी सामाजिक संगठनों खास तौर पर नई दिशा सोसाइटी और रनर्स ग्रुप के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करने के साथ कार्यक्रम को संपन्न करते हुए सभी अतिथियों का लायंस क्लब गंगापुर सिटी द्वारा सम्मानित किया गया सभी स्पॉन्सर्स एवं को स्पॉन्सर के प्रतिनिधियों का लायंस क्लब गंगापुर सिटी द्वारा सम्मान किया गया एवं सभी प्रतिभागियों को मेडल प्रदान किया गया। इस अवसर पर काफी संख्या में नगर वासी उपस्थित थे।

कुश्ती दंगल

गंगापुर सिटी, (निसं)। पीलौदा स्थित लहकोड देवी मंदिर में रविवार को भक्तों की भीड उमडी। श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर मनौती मांगी। लहकोड देवी मंदिर आस्था का प्रमुख केंद्र है। यहां गंगापुर, वजीरपुर, श्रीमहावीरजी के साथ करौली और सवाई माधोपुर जिले से श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। श्रद्धालुओं ने लहकोड सरोवर में स्नान किया और माता की आरती में शामिल हुए। मेले के अंतिम दिन कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इनमें कुश्ती दंगल, घुडदौड, साइकिल, पैदल और तैराकी प्रतियोगिताएं शामिल थीं। सरपंच अजयराज मीणा और बृजभूषण खंडीप ने बताया कि कुश्ती प्रतियोगिता में स्थानीय क्षेत्र के अलावा करौली, सवाई माधोपुर, भरतपुर, डीग, कुम्हेर, हरियाणा और नेपाल के पहलवान शामिल हुए। दंगल देखने के लिए आस पास के दर्जनों गांवों से लोग पहुंचे।

सन्त सुन्दरदास की जयंती मनाई

जुरहरा/डीग, (निसं)। संत सुंदरदास की 429 वीं जयंती के पावन अवसर पर रविवार को जुरहरा कस्बे में स्थानीय खंडेलवाल समाज के तत्वावधान में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों के तहत रविवार को सुबह खंडेलवाल समाज के लोगों ने क़स्बे में होकर प्रभात फेरी निकाली जिसके बाद खंडेलवाल धर्मशाला में हवन-पूजन के कार्यक्रम आयोजित किए गए। दोपहर को बैंड-बाजों के साथ सन्त सुन्दरदास जी, भगवान राम, शिव-पार्वती की भव्य झांकियों सहित शोभायात्रा निकाली गई।

शोभायात्रा कस्बे के पुराने रामलीला मैदान से आरंभ होकर पुरानी पुलिस चौकी, चौपड़ा बाजार, मैन बाजार, बस स्टैंड होते हुए खंडेलवाल धर्मशाला में पहुंची। शोभायात्रा का क़स्बे में कई जगह स्वागत किया गया। शोभायात्रा में शामिल भोले शंकर की झांकी की क़स्बे में काफी सराहना हुई। शोभायात्रा के उपरांत खंडेलवाल धर्मशाला में सांस्कृतिक कार्यक्रम दिनेशचंद भंडारिया जुरहरा की अध्यक्षता, नरेन्द्र जसोरिया अलवर के मुख्य आतिथ्य, सतीश तमोलिया डीग, राममोहन पहाड़ी, खेमराज मातुकी वाले कामां, नेमचंद खंडेलवाल भरतपुर, महेश दीवान पंचायत समिति सदस्य जुरहरा, ओमप्रकाश सितारा कुम्हेर, मांगेलाल जनुथर, ललिता तमोलिया के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन भूपेंद्र खण्डेलवाल जुरहरा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के तहत बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं साथ ही कार्यक्रम में समाज के प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रामजीलाल सहसनिया, ओमप्रकाश मोदी, सुभाष बड़ाया, नरेशचंद पाबूवाल, गोपाल खूंटेटा, सोनू भगतजी, राकेश खण्डेलवाल, भूपेंद्र खण्डेलवाल, अमित दुसाद, हितेश कायथवाल, ललित बड़ाया, सौरभ मोदी, गौरव पाबूवाल, सन्तोष खंडेलवाल, कृष्णा खंडेलवाल, मीरा दुसाद, नीतू खंडेलवाल, शिखा खंडेलवाल, किशनचंद पाबूवाल, हरीश भंडारिया, प्रमोद खंडेलवाल पूर्व मंत्री, कपूरचंद, रामोतार भोंरिया, तोताराम दुसाद, ज्ञानप्रकाश, राजेन्द्र मोदी, प्रकाश हथनगांव वाले, केदार उधनिया, रविन्द्र दुसाद, राजकुमार भंडारिया, राधेलाल कायथवाल, हुकम कूलवाल, रमेश दुसाद, रामबाबू पाबूवाल, चतुर्भुज लाला, हीरालाल, सतीश नौनेरिया, गोविंदा भोंरिया, नरेश मोदी व मनोज कीनानेरिया सहित आदि मौजूद रहे।

सन्त सुन्दरदास की जयंती पर झांकी निकाली।

सार-समाचार

भाजपा का स्थापना दिवस मनाया

गंगापुर सिटी, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस जयपुर बाईपास स्थित भाजपा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर के निवास पर मनाया गया। कार्यक्रम में भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर दीप प्रज्वलन किया गया। साथ ही भाजपा के राष्ट्रीय ध्वज की पूजा-अर्चना की गई। भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर ने बताया कि 6 अप्रैल 198० को बंबई अधिवेशन में पार्टी की स्थापना हुई थी। इस दौरान पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और सुषमा स्वराज मौजूद थे। उन्होंने अटल सरकार के दौरान हुए परमाणु परीक्षण और संयुक्त राष्ट्र में भारत के प्रतिनिधित्व का जिक्र किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प की चर्चा की। कार्यकर्ताओं से वन नेशन-वन इलेक्शन के विचार को जनता के बीच ले जाने का आग्रह किया। कार्यक्रम में सभापति शिवरतन अग्रवाल, प्रधान मंजू गुर्जर, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष राधा दीक्षित और शिक्षाविद डॉ. हेमंत शर्मा समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपने घरों और प्रतिष्ठानों पर भी संगठन का ध्वज फहराया। पूर्व जिला पदाधिकारियों ने पार्टी के इतिहास और नेताओं के राष्ट हित में किए गए योगदान पर चर्चा की। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश के विकास कार्यों की भी सराहना की गई। इस अवसर पर भाजपा पूर्व जिला उपाध्यक्ष रामसिंह खटाना, सभापति शिवरतन अग्रवाल, पूर्व जिला महामंत्री मनोज बंसल, प्रधान मंजू गुर्जर द्वारा भी भारतीय जनता पार्टी संगठन के ऐतिहासिक परिदृश्य के संदर्भ में पार्टी के समस्त पुरोधाओं के संगठन एवं राष्ट्र हित में त्याग और बलिदान के बारे में अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष महेंद्र दीक्षित, मंडल अध्यक्ष मिथलेश व्यास, शिवदयाल जोशी, रघुनाथ फौजी, ओमप्रकाश पटेल, नितेश मोदी, सारांश जैन, गोविन्द गुप्ता, गिर्राज प्रसाद बीईईओ, बलवीर सोनी, गौरव मंगल, वेद प्रकाश शर्मा, विजय सिंह जादौन, रवि गोठवाल, बी एस शर्मा, गोविंद पाराशर, अतुल शर्मा, सुरेश चंद शर्मा, महेश चंद शर्मा आदि उपस्थित रहे।

फूल बंगला की सजाई झांकी

करौली, (निसं)। जिला मुख्यालय स्थित होली खिडकियां में श्री सीताराम जी के मंदिर में माली समाज द्वारा राम जन्मोत्सव बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर मंदिर में छप्पन भोग और फूल बंगला की झांकी सजाई गई। यह आयोजन दिनभर चलता रहा, जो दोपहर 1:00 बजे से लेकर रात 9:00 बजे तक हुआ। पंडित राजेंद्र प्रसाद शर्मा और मंदिर पुजारी राज किशोर के द्वारा भगवान राम लक्ष्मण सीता के विठाह का पंचामृत स्नान और विशेष पूजन सामग्री से पूजा अर्चना दोपहर 12:00 बजे कर भगवान का जन्मोत्सव मनाया गया। इस दौरान भक्तों ने श्री सीताराम जी के विशेष दर्शन किए राम जन्मोत्सव के इस पावन अवसर पर भक्तों को प्रसाद वितरण भी किया गया जिससे समाज में एकता और धार्मिक सद्भावना का संदेश फैलता है। इस दौरान महासभा चैरासी के अध्यक्ष अमरसिंह चैहान, रामगोपाल बाबूजी, नौ थोक अध्यक्ष पार्षद रामचरण, उपाध्यक्ष रूपसिंह,पार्षद रामसिंह, लक्ष्मणसिंह, भागचंद, बाबू, बनेसिंह, विक्रम सहित समाज के प्रमुख व्यक्तियों सहित आयोजन की सफलता में अपना सहयोग दिया। रामगोपाल माली ने बताया कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से समाज में भाईचारा और एकता को बढ़ावा मिलता है और इस प्रकार के आयोजन समाज के हर वर्ग के बीच एकता और प्रेम का संदेश देते हैं। राम जन्मोत्सव का यह आयोजन माली समाज के लिए विशेष महत्व रखता है। यह परंपरा हर वर्ष बड़े धूमधाम से मनाई जाती है जिससे समाज कि धार्मिक भावना को प्रोत्साहन मिलता है और लोग एक दूसरे के साथ मिलकर इस पवित्र दिन को हर्षोल्लास से मनाते हैं। इस अवसर पर पूर्व पार्षद बाबूलाल,राम सिंह ड्राइवर,गोविंद चैहान,पूर्व कस्बा अध्यक्ष भजनलाल,रामचरण आदि का सहयोग रहा।

परीक्षा फॉर्म की अन्तिम तिथि 20 अप्रेल

करौली, (निसं)। इंदिरा गाँधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी इग्नू द्वारा संचालित इग्नू अध्ययन केन्द्र 23132 के समन्वयक रविन्द्र कुमार मीना ने बताया कि टर्म एण्ड एक्जाम जून 2025 के लिए परीक्षा आवेदन पत्र भरना प्रारम्भ हो गए हैं। उन्होंने बताया कि जिन विद्यार्थियों ने इग्नू में प्रवे'ा ले रखा है एवं टर्म एण्ड एक्जाम जून 2025 की परीक्षा में सम्मिलित होना चाहते हैं वे अपना परीक्षा आवेदन पत्र इग्नू कि अधिकृत वेबसाईट पर जाकर अथवा ई-मित्र पर जाकर ऑनलाईन अपना परीक्षा आवेदन पत्र भर सकते हैं। किसी भी इग्नू अध्ययन केन्द्र का पढने वाले विद्यार्थी करौली में स्थित इग्नू अध्ययन केन्द्र 23132 को अपना परीक्षा केन्द्र के रूप में चयन कर सकते हैं। विद्यार्थी सत्रांत परीक्षा जून 2025 हेतु अपना आवेदन फॉर्म दिनांक 20 अप्रेल 2025 तक आवश्यक रूप से भर दें जिससे कि वे जून 2025 की परीक्षा दे सकें। अत: शीघ्र ही ऑनलाईन परीक्षा आवेदन फॉर्म भरें।

सामूहिक साधना का हुआ आयोजन

करौली, (निसं)। अखिल विश्व गायत्री परिवार शान्ति कुंज हरिद्वार के तत्वावधान में आज स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ पर रामनवमी पर्व आयोजित कर चैत्र नवरात्रा सामूहिक साधना अनुष्ठान की पूर्णाहुति की गई। गायत्री परिवार के प्रवक्ता राजेन्द्र दीवान ने बताया कि गायत्री शक्ति पीठ पर नौ दिन तक सूर्योदय से सूर्यास्त तक गायत्री मंत्र का जप किया गया जिसकी पूर्णाहुति पर पंच कुंडिय गायत्री यज्ञ आयोजित किया गया। इसके साथ ही रामनवमी पर्व भी श्रृद्धा के साथ मनाया गया। रमेश वर्मा ने भगवान श्री राम के जीवन चरित्र की प्रेरक प्रसंगों के द्वारा पारिवारिक जीवन में महत्ता प्रतिपादित की। नर्सिंग अधिकारी प्रमोद गुप्ता व सन्तोष देवी ने पर्व पूजन व देव पूजन किया। यज्ञ कार्य का संचालन र